मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-378
04/11/2024

# मुख्यमंत्री ने छठ महापर्व– 2024 की तैयारियों को लेकर जे0पी0 सेतु घाट/दीघा गंगा घाट का किया निरीक्षण। गंगा उत्सव का किया उद्घाटन

पटना, 04 नवम्बर 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने लोक आस्था के महापर्व छठ– 2024 की तैयारियों को लेकर जे0पी0 सेतु घाट/दीघा गंगा घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने बैरिकेडिंग, साफ–सफाई, छठ व्रतियों की सुविधाओं एवं सुरक्षा का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि कल से छठ महापर्व की शुरूआत हो रही है। प्रशासन छठ घाटों पर सारी व्यवस्था को लेकर पूरी तरह मुश्तैद रहे। छठ व्रतियों को अर्घ्य देने में कोई परेशानी न हो, इसका विशेष ख्याल रखें। छठ घाटों पर सुरक्षा, स्वच्छता एवं सुविधाओं को लेकर किसी प्रकार की कोई कोताही न हो। उन्होंने कहा कि छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के लिये आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो, ट्रैफिक व्यवस्था को सुरक्षित और सुगम बनाये रखें।

छठ घाट के निरीक्षण के पश्चात् मुख्यमंत्री ने जे0पी0 सेतु घाट/दीघा गंगा घाट पर आयोजित 'गंगा उत्सव' का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया।

निरीक्षण के दौरान नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री नितिन नवीन, पटना की मेयर श्रीमती सीता साहू, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ0 गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा एवं पटना नगर निगम के आयुक्त श्री अनिमेश परासर सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

******